प्रेस विज्ञप्ति
जनपद बस्ती
दिनांक-13.05.2025

थाना लालगंज पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में 04 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को 1 कुन्तल 30 किग्रा अवैध गांजा, एक अदद पिस्टल मय तीन अदद जिन्दा कारतूस, एक अदद रिवाल्वर मय दो अदद जिन्दा कारतूस व रुपया 1,08950/- के साथ किया गया गिरफ्तार-

थाना लालगंज पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में जनपद में शांति/ क़ानून व्यवस्था/ देखभाल क्षेत्र हेतु भ्रमणशील रह कर किए जा रहे रात्रि गश्त के दौरान दिनांक-13.05.2025 को समय करीब 02:10 बजे ग्राम शोभानापार ईंट भट्ठे के पास से 04 अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों यथाक्रमशः **1-** सूरज चौधरी पुत्र राम उजागिर **2-** हनुमान यादव पुत्र कृष्ण देव यादव **3-** श्याम राज पुत्र राम सूरत **4-** शाहिद अली पुत्र मोहम्मद अली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से **A-** 01 कुन्तल 30 किग्रा अवैध गांजा **B-** एक अदद पिस्टल व तीन अदद जिन्दा कारतूस **C-** एक अदद रिवाल्वर व दो अदद जिन्दा कारतूस **D-** एक अदद इको स्पोर्टस कार, एक अदद ट्रक व रुपया 1,08950/- नगद बरामद किया गया एवं अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रहा है |

गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-115/2025 धारा-351(3) BNS, धारा-8/20, 27, 27A NDPS Act, धारा-3/25 Arms Act पंजीकृत कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है |

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1- सूरज चौधरी पुत्र राम उजागिर चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम शोभनपार थाना लालगंज जनपद बस्ती।

2- हनुमान यादव पुत्र कृष्ण देव यादव उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम निरंजनपुर पोस्ट मरहट थाना खुटहन जनपद जौनपुर(उ0प्र0)।

3- श्याम राज पुत्र राम सूरत उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम तोरवा पोस्ट धानापुर थाना धानापुर जनपद चन्दौली (उ0प्र0)।

4- शाहिद अली पुत्र मोहम्मद अली उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम शोभनपार थाना लालगंज जनपद बस्ती।

बरामदगी का विवरण-

1- 1 कुन्तल 30 किग्रा नाजायज अवैध गांजा |

2- एक अदद पिस्टल व तीन अदद जिन्दा कारतूस |

3- एक अदद रिवाल्वर व दो अदद जिन्दा कारतूस |

4- रुपया 1,08,950/- नगद |

5- एक अदद इको स्पोर्टस कार(UP32 FX7797), एक अदद ट्रक(UP62 T6732) ।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान **अभियुक्त 2**-हनुमान यादव (ट्रक खलासी) द्वारा बताया गया कि हम लोग गांजा को उड़ीसा से लाकर यहीं पर **1**-सूरज चौधरी व **4**-शाहिद को दे देते है हैं, जो लोग मिलकर यहाँ लोकल में गांजे की सप्लाई करते है, जिससे मिले हुए पैसे को हम सब आपस में मिलकर बांट लेते हैं | **अभियुक्त 1**-सूरज चौधरी द्वारा असलहा के रखने के बारे में बताया गया कि मैं अवैध असलहा व कारतूस बिहार से लाकर अपने पास रखा हूँ जिससे कि यदि कोई मुझे पकड़ने का प्रयास करेगा तो उसको मार कर भाग जाउंगा एवं अवैध गांजा के बारे में बताया कि **2**-हनुमान यादव व **3**-श्याम राज अन्य राज्यों से यहाँ लाकर हमें अवैध गांजा देते हैं जिसे हम लोग लोकल में इधर-उधर सप्लाई करते है, जिसकी कमाई से ही मैंने ईको स्पोर्ट गाड़ी भी खरीदी है जिससे इधर-उधर गांजा की सप्लाई करता हूँ एवं इस काम को करने में मै लोगों की आर्थिक मदद भी करता हूँ | हम लोग यह काम अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ के लिए करते हैं जोकि हमारी आजीविका व ऐशो आराम का एक मात्र साधन है जिसके अवैध व्यापार से हम लोग लाखों रुपये की कमाई कर लेते है जिससे हम अपने व अपने परिवार के सभी शौक आसानी से पूरा कर लेते हैं |

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त हनुमान प्रसाद यादव-

1. मु0अ0सं0 57/2018 धारा 207 MV Act व 8/20 NDPS Act थाना अदलहाट जनपद मिर्जापुर उ0प्र0।
2. मु0अ0सं0 09/2019 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना अहरौरा जनपद मिर्जापुर उ0प्र0।
3. मु0अ0सं0186/2017 धारा 120-B,419,420 IPCव 8/20 NDPS Act थाना अहरौरा जनपद मिर्जापुर उ0प्र0।
4. मु0अ0सं0 226/2023 धारा 419,420,467,468 IPC व 20/29/8 थाना रोहनीया जनपद बनारस उ0प्र0।
5. मु0अ0सं0 32/2021 धारा 174-A IPC थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0।
6. मु0अ0सं0 98/2021 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0।
7. मु0अ0सं0 153/2020 धारा 20/27(A)/8 NDPS Act थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0।
8. मु0अ0सं0 187/2021 धारा 174-A IPC थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उ0प्र0।

अभियुक्त सूरजः-

1. मु0अ0सं0 129/2023 धारा 353,506 IPC व 4/25 A Act थाना लालगंज जनपद बस्ती उ0प्र0।
2. मु0अ0सं0 311/2022 धारा 427,504,506 IPC थाना लालगंज जनपद बस्ती उ0प्र0।
3. मु0अ0सं0 326/2019 धारा 419,420 IPC व 20,8-B NDPS थाना लालगंज जनपद बस्ती उ0प्र0।
4. मु0अ0सं0 407/2022 धारा 147,323,504,506 IPC थाना लालगंज जनपद बस्ती उ0प्र0।
5. मु0अ0सं0 410/2018 धारा 3/25 A Act थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर उ0प्र0।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1- प्रभारी निरीक्षक लालगंज शशांक शेखर राय जनपद बस्ती |
2- प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 संतोष कुमार जनपद बस्ती |
3- प्रभारी सर्विलांस शशिकांत मय पुलिस टीम।
3- उ0नि0 शैलेश कुमार यादव, हे0का0 सुरेन्द्र यादव, हे0का0 मृत्युन्जय कुशवाहा, का0 विजय यादव, म0का0 बंदना पासवान थाना लालगंज जनपद बस्ती |
4- हे0का0 राम शकल यादव, का0 आकाश दीप व का0 पुष्कर यादव चौकी महादेवा थाना लालगंज जनपद बस्ती |
5- हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 अवनीश सिंह, हे0का0 पवन तिवारी, का0 सुभेन्द्र तिवारी, का0 किशन सिंह व का0 अभिलाष प्रताप सिंह स्वाट टीम बस्ती |

पुलिस